Use of Disposable Syringes in view of Growing AIDS

3670. SHRI IQBAL SINGH : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether in view of growing threat of AIDS in the country Government propose to make mandatory the use of disposable syringes for injecting medicines in human body in the country; and

(b) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) and (b) Government have already issued comprehensive instructions to all the State/Union Territories for the control of Hospital infection. These inter-alia include-greater emphasis on the use of disposable syringes and wherever this is not possible use of conventional syringes duly sterilised.

विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों की संख्या

3671. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ शीम अफजल** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1987-88 और 1991-92 के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, श्रीमती सूचेता कृपलानी अस्पताल, सफदरजंग अस्पताल, गुरू तेग बहादुर अस्पताल, गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल और डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में कार्यरत चिकित्सकों की पृथक-पृथक संख्या कितनी-कितनी थी ;

(ख) वर्ष 1987–88 और 1991–92 के दौरान अस्पतालों में उपचार के लिये आये रोगियों की संख्या पृथक-पृथक कितनी-कितनी थी; और

(ग) वर्ष 1987–88 और 1991-92 के दौरान इन अस्पतालों में रोगियों के लिये पृथक-पृथक कितने-कितने पलंगों की व्यवस्था थी ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) (क) से (ग) सूचना उपाबंध में दी गई है ।